कार्बन उत्सर्जन को कम कर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है, पौधरोपण को करें प्रेरित

विभूतिपुर में जैव विविधता प्रबंधन समितियों की हुई बैठक, पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा

भास्कर न्यूज | विभूतिपुर

विभूतिपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जानकारी हासिल करते लोग।

जैव विविधता प्रबंधन समितियों पंचायत,प्रखंड प्रतिनिधियों, किसानों के साथ साथ बिहार सरकार के पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने जूम एप के माध्यम से पूरे बिहार के सभी प्रखंडों तथा सभी पंचायतों के से 20 हजार लोगों से जुड़ते हुए आने वाला 21वीं शताब्दी में जलवायु परिवर्तन से होने वाली परेशानियों से बचाव के कमेटी बनाकर निरंतर कार्यक्रम चलाते हुए इस संकट का हल करने में महत्व पूर्ण भूमिका अदा करने पर बल दिया। कहा कि जब तक सभी लोग इस समस्या से बचाव का मिलजुल कर प्रयास नहीं करेंगे तो मानव का जीवन डायनासोर कि तरह विलुप्त हो जाएगा। वर्तमान समय गर्मी अपने चरम पर है। यहां तक कि पारा कई जगह 50डिग्री के पार जा चुका है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि कि समस्या बनी हुई है। इसलिए पेड़ पौधा लगाकर तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करके ही आने वाली जीव जन्तु तथा मानव जाति को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। विभूतिपुर प्रखंड की वीसी हॉल में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम जिन लोगों ने मंत्री के कार्यक्रम को सुना उनमें रोसड़ा रेंज के वन रक्षी मो. खसमिल हक , प्रयावर्ण सेवी रामनाथ सिंह निवर्तमान आत्मा सदस्य मनोज कुमार दिवाकर कुमार मो. नूर हसन, गणेश महतो, अशोक महतो, धर्मेंद्र कुमार दिनेश कुमार, विनय प्रसाद, रितेश कुमार शर्मा, मनीष कुमार, संभव कुमार, नीतिश कुमार थे।